कोटद्वार, मंगलवार
6 अगस्त 2024
वर्षः 46
अंकः 102 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### बुजुर्ग ने सरयू नदी में लगाई छलांग, मौत

चंपावत। लोहाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराकोट ब्लॉक के घाट स्थित पुराने पैदल पुल से एक बुजुर्ग ने सरयू नदी में छलांग लगा दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए लोहाघाट मोर्चरी भेजा है। बुजुर्ग ने नदी में चलांग क्यों लगाई? इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग पिथौरागढ़ जनपद का रहने वाला था। बाराकोट चौकी प्रभारी हरीश प्रसाद ने बताया कि बुजुर्ग के सरयू नदी में चलांग लगाने की सूचना की जानकारी लोगों ने दी। जिसके बाद मौके में पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बरामद कर कब्जे में लिया। मृतक की पहचान 74 वर्षीय बहादुर सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, निवासी ग्राम सुनघर मैलटा, बांस मैतोली, पिथौरागढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के स्वजनों को सूचना दे दी गई है। घाट पुल के पास होटल चलाने वाले एक युवक ने पुलिस को बताया कि बुजुर्ग सोमवार उनके होटल में खाना खाने आया था। थोड़ी देर बाद वह घाट के पुराने पुल की ओर गया और नदी में छलांग लगा दी।पुलिस के अनुसार बुजुर्ग द्वारा नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों से पूछताछ के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता चल सकेगा। शव को नदी से बरामद करने वाली पुलिस टीम में नरेश कुमार, ध्यान सिंह, सुरेंद्र कुमार, प्रकाश सिंह, पवन मौजूद रहे।

### राज्यसभा में जया अमिताभ बच्चन बुलाए जाने पर फिर भड़कीं जया बच्चन

नईदिल्ली, अभिनेत्री और समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने संसद में अपने नाम के साथ पति अमिताभ बच्चन का नाम जोड़ने पर सोमवार को दोबारा आपत्ति जताई। हालांकि, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन जया नाराजगी जताती रहीं।

दरअसल, सोमवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सभापति धनखड़ ने कहा, ह्यसप्लीमेंट्री नंबर 4, श्रीमति जया अमिताभ बच्चनज्ञ् इसके बाद जया बच्चन अपनी सीट से उठीं और उन्होंने सभापति से ही पूछा– सर आपको अमिताभ का मतलब पता है? इस पर सभापति धनखड़ ने कहा, माननीय सदस्यगण, जो नाम इलेक्शन सर्टिफिकेट में आता है और जो यहां जमा किया जाता है, उसके अंदर बदलाव की प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया का लाभ मैंने खुद उठाया था 1989 में। वो बदलाव की प्रक्रिया हमने हर सदस्य को बताई है। जया बच्चन ने कहा, नहीं सर, मुझे अपने नाम और अपने पति, दोनों पर बहुत गर्व है। मुझे अपने पति की उपलब्धियों पर भी काफी गर्व है। उनके नाम का मतलब है कि ऐसी आभा जो मिट नहीं सकती। मैं बहुत खुश हूं। इसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने जया बच्चन को सीट पर बैठने को कहा।

### बांग्लादेश में हिंसाः अब तक हुई 98 लोगों की मौत

ढाका, बांग्लादेश में फिर से हिंसा भडक़ गई है। इस बार प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर बवाल मचा है।हिंसा के रूप का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अब तक कम से कम 98 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।इसको लेकर गृह मंत्रालय ने रविवार शाम 6 बजे से देश में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाने का आदेश जारी कर दिया। इसी तरह इंटरनेट भी बंद किया गया है। बांग्लादेश में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में लडऩे वाले सेनानियों को दिया गया 30 प्रतिशत आरक्षण खत्म कर दिया था।इसके बाद आरक्षण की मांग करने वाले युवा असहयोग आंदोलन कर रहे थे। उन्होंने रविवार को प्रधानमंत्री हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया था।उस दौरान सरकार समर्थित दलों ने इसका विरोध किया और हिंसा भडक़ गई। रातभर देशभर में हिंसा की घटनाएं होती रहीं।

हिंसा के बाद गृह मंत्रालय ने रविवार शाम 6 बजे से अनिश्चितकालीन देशव्यापी कर्फ्यू लगाने का आदेश जारी कर दिया।इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, मैसेंजर, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम को भी बंद करने के साथ 4जी इंटरनेट भी बंद करने का आदेश दिया है।इधर, प्रधानमंत्री हसीना ने विरोध प्रदर्शन के नाम पर बांग्लादेश में तोडफ़ोड़ करने वालों को छात्र नहीं, बल्कि आतंकवादी करार दिया है। उन्होंने हिंसा फैलाने वालों से सख्ती से निपटने के भी आदेश दिए हैं।

## तीन बाइकों की आपस में भिडंत, पांच की मौत, दो गंभीर घायल



हरिद्वार। जिले में लक्सर पुरकाजी हाईवे पर दो बाइकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस दौरान एक अन्य बाइक भी उनकी चपेट में आ गई। हादसे में बच्ची समेत पांच लोगों की मौत हो गई। चपेट में आई तीसरी बाइक पर सवार व्यक्ति को भी चोटें आई हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के मुताबिक बीती रात उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद निवासी जीशान अपनी पत्नी शबनूर के साथ स्पलेंडर बाइक से लक्सर की ओर से मुजफ्फरनगर जा रहा था। उसकी बाइक पर उसके रिश्तेदार की दो बेटियां अलीना और इसल भी बैठी थी। बच्चियों की आयु आठ और तीन वर्ष है। उनके साथ दूसरे वाहनों पर अन्य रिश्तेदार भी चल रहे थे। इस बीच जब वह लक्सर–पुरकाजी हाईवे पर गंगनौली गांव के निकट पहुंचे तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल के साथ उनकी आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई।दूसरी बाइक पर खानपुर थाना क्षेत्र के मदारपुर निवासी युवक गुरजंट सिंह और उसका नाबालिग साथी गांव का ही अभिराज सवार थे। दोनों बाइकों की जोरदार भिड़ंत के बीच यहां गुजर रहा एक और बाइक सवार हीरा सिंह भी आ गया। उसकी बाइक भी दोनों बाइकों की चपेट में आकर सड़क पर फिसल गई। हादसे में सभी छह लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर लक्सर बाजार चौकी पुलिस, चेतक पुलिसकर्मी और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचे और घायलों को स्थानीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने गुरजंट सिंह को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां रुड़की के अस्पताल में दूसरे नाबालिग युवक अभिराज की भी मौत हो गई। अन्य घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें भी मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया। जहां जीशान, इसल और शबनूर की हालत गंभीर बताई गई है। जबकि तीसरी बाइक पर सवार हीरा सिंह को भी चोटें आई हैं। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि मृतक युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अन्य घायलों का उपचार चल रहा है, मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं उपचार के दौरान जीशान, इसल और शबनूर की मौत हो गई। इस हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हुई है। वही दो घायल है।

### भारत के निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स टॉप 3 में पहुंचा, पीएम मोदी ने जताई खुशी

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि युवा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत की शक्ति है। पीएम मोदी की ओर से यह बयान ऐसे समय में दिया गया है, जब अप्रैल–जून तिमाही में भारत का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात टॉप 10 में तीसरे स्थान पर रहा। वाणिज्य विभाग की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स, पेट्रोलियम के बाद भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात तीसरे स्थान पर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह भारत के लिए खुशी का क्षण है। इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत की शक्ति युवा है। यह प्रमाण है कि हमारे सुधारों के कारण मेक इन इंडिया को बूस्ट मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भारत आगे इस गति को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी एंड आईएंडबी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स अब भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात घटक है। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में बड़ा हिस्सा एप्पल आईफोन निर्यात से आता है। भारत सरकार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रही है। इसी कारण आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल द्वारा देश से किया जाने वाला निर्यात अप्रैल–जून में बढक़र 3.8 अरब डॉलर पहुंच गया। भारत सरकार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रही है। इसी का असर है कि आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल द्वारा देश से किया जाने वाला निर्यात अप्रैल–जून में बढक़र 3.8 अरब डॉलर हो गया है।

## जंगली मशरूम खाने से महिला की मौत, दूसरी का चल रहा इलाज



उत्तरकाशी। चिन्यालीसौड़ के जोगत मल्ला गांव में दो महिलाओं ने जंगली मशरूम की सब्जी बनाकर खा ली। मशरूम खाते ही दोनों महिलाओं की तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने आनन–फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि, दूसरी की हालात सामान्य है। दरअसल, चिन्यालीसौड़ के जोगत मल्ला में जंगली मशरूम खाने से अलग–अलग परिवारों की दो महिलाओं में से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जबकि, दूसरी महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल उत्तरकाशी रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि जोगत मल्ला में बिंदा देवी पत्नी वेदप्रकाश (उम्र 60 वर्ष) अकेली रहती थी। जबकि, ममता देवी पत्नी स्व० कन्हैया लाल के साथ उसका बेटा रहता है। जंगली मशरूम खाने से बिंदा देवी की मौतः बीती रविवार को दोनों ही जंगल में लकड़ी लेने गई थी। इस दौरान उन्हें जंगल में जंगली मशरूम दिखे। जिन्हें वो इकट्ठा कर घर लेकर आईं और सब्जी बनाकर खाई। जिससे दोनों की हालत बिगड़ गई। दोनों महिलाओं को पड़ोसियों ने इलाज के लिए देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान बिंदा देवी की मौत हो गई। वहीं, ममता देवी की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। गनीमत रही कि ममता देवी के बेटे ने जंगली मशरूम नहीं खाया था। इधर, जिला अस्पताल से जानकारी मिली है कि एक ही परिवार के 7 अन्य लोग भी जंगली मशरूम खाकर बीमार होने के बाद इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे थे, इलाज के बाद सभी को घर भेज दिया गया है। जंगली मशरूम खाने से बचेंः उत्तरकाशी जिला अस्पताल के सीएमएस पीएस पोखरियाल ने बताया कि अब तक जंगली मशरूम खाने वाले एक दर्जन से ज्यादा मरीज अस्पताल आ चुके हैं। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि वो जंगली मशरूम न खाएं। इसको खाने से कभी भी उल्टी दस्त हो सकती है, इसलिए मशरूम खाने से बचें।

## सीएम धामी ने की सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की घोषणा



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास देहरादून में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर आधारित सेमिनार में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में ए.आई मिशन को सफल बनाने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की घोषणा की ।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ए.आई. के सहयोग से राज्य को आगे बढ़ाने के लिए सभी ने मिलकर मंथन करना है। ए.आई. पर आयोजित इस मंथन कार्यक्रम से निश्चित अमृत निकलेगा जो ए.आई. के आधार पर राज्य को आगे बढ़ाएगा। ए.आई. के सहयोग से इकोलॉजी, इकोनॉमी, टेक्नोलॉजी, अकाउंटेबिलिटी और सतत विकास में महत्वपूर्ण विकास होने वाला है। सभी विशेषज्ञ एवं विभिन्न दायित्व का निर्वहन कर रहे लोगों को भी ए.आई. की विशेषता हासिल करने पर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में साइंस टेक्नोलॉजी और इनोवेशन नीति के साथ ए.आई टेक्नोलॉजी को विकसित करने का रोड मैप तैयार किया गया है। ए.आई हमारे जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है, इसका प्रमाण है कि सतत विकास लक्ष्यों के सूचकांक में राज्य ने पहला स्थान प्राप्त किया है। हमारा राज्य प्राकृतिक संसाधन, सांस्कृतिक धरोहर, उत्कृष्ट मानव संसाधन से संपन्न है। एक बड़ा भू-भाग जंगलों से आच्छादित है। ए.आई का सही उपयोग करने पर इन संसाधनों का प्रयोग सर्वोत्तम तरीके से किया जा सकता है। कृषि, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में ए.आई के उपयोग को बढ़ा कर सफलता की संभावनाओं को बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आपदा, क्लाइमेट चेंज को और अधिक समझने में ए.आई. की मदद से प्रभावी ढंग से कार्य किया जा सकता है। सम्पूर्ण विश्व विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की नेतृत्व क्षमता को देख रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इंडिया ए आई मिशन की शुरुआत की गई है। जिसका उद्देश्य ए.आई संबंधित टेक्नोलॉजी का विकास करना है। केंद्र सरकार से बेहतर समन्वय बनाकर प्रदेश में ए.आई के अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न संस्थानों, इंस्टीट्यूट के सहयोग से ए.आई. के लिए प्रभावी तंत्र बनाने पर कार्य करेंगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, सचिव नितेश झा एवं विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपति मौजूद रहे।

### उत्तराखंड, देवभूमि के साथ ही स्पिरिचुअल, साइंटिफिक सॉल्यूशन की भूमि

महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत ने कहा कि वर्तमान समय ए.आई का समय है। उत्तराखंड, देवभूमि के साथ ही स्पिरिचुअल, साइंटिफिक सॉल्यूशन की भूमि है। यहां अनेक केंद्रीय संस्थान हैं। उत्तराखंड राज्य नॉलेज स्टेट के रूप में आगे बढ़ रहा है। नॉलेज स्टेट की अवधारणा से ही राज्य सशक्त और समृद्ध हो सकता है। ए.आई. को राज्य के विकास से जोड़ते हुए कृषि, पर्यटन, गुड गवर्नेंस, लाइवलीहुड, स्वास्थ एवं अन्य क्षेत्र में कार्य करना है। आज होने वाले मंथन से प्रभावी एवं निर्णायक सुझाव सामने आएंगे।

### विद्यार्थियों को एआई का बेसिक शिक्षण देना जरूरी

इस अवसर पर दिनेश त्यागी ने कहा कि उत्तराखंड में आज का परिवेश अलग है। राज्य में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। राज्य में ए.आई. को बढावा देने के लिए मूलभूत बुनियादी ढांचे की स्थापना की आवश्यकता है। वर्तमान समय में राज्य के प्रत्येक स्थान को हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी से आच्छादित करना होगा। अधिक से अधिक विद्यार्थियों को स्कूलों/कॉलेजों में ए.आई. का बेसिक शिक्षण देना आवश्यक है। हमारा उद्देश्य ए.आई के माध्यम से लोगों को सहूलियत पहुंचाना है। ए.आई. के माध्यम से युवाओं को रोजगार से भी जोड़ना है।

### भारी बारिश की चेतावनी, भारतीय मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

नईदिल्ली, देशभर के विभिन्न राज्यों में इन दिनों मूसलधार बारिश हो रही है, जिससे कई स्थानों पर जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है. भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि 10 अगस्त तक दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू–कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में हल्की से लेकर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है. आपको बता दें कि 5 अगस्त को मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम और मेघालय में अलग–अलग स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है. इन राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. पहाड़ी राज्यों में लगातार हो रही भारी बारिश और लैंडस्लाइड्स से जनजीवन प्रभावित हो रहा है. उत्तराखंड में हजारों श्रद्धालु फंसे हुए हैं, वहीं महाराष्ट्र के पुणे में भी भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है. हिमाचल प्रदेश में आज भी भारी बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है. दिल्ली में लगातार हो रही भारी बारिश ने जहां दिल्ली के लोगों को गर्मी से राहत दी है, वहीं सडक़ों पर बारिश का पानी भरने से लोगों को परेशानी भी हो रही है.

## उत्तराखंड वक्फ बोर्ड में बड़े घोटाले के आरोप

### सीबीआई जांच की मांग




देहरादून। मोदी सरकार वक्फ बोर्ड अधिनियम में बड़े संशोधन की तैयारी कर रही है। जिसको लेकर राजनीतिक बहस भी तेज हो गई है। इस बीच उत्तराखंड वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स ने बड़ा बयान दिया है। शादाब शम्स ने वक्फ बोर्ड में बड़े घोटाले के आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने इसकी सीबीआई जांच की मांग भी की है।

देश में वक्फ बोर्ड को लेकर राजनीति तेज है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से लेकर तमाम मुस्लिम धर्म गुरु समेत राजनीतिक दलों के लोग इस पर अपनी राय रख रहे हैं। देश में वक्फ बोर्ड को लेकर शुरू हुए इस विवाद के बीच उत्तराखंड वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स ने भी बड़ा बयान जारी कर इस पर नई बहस शुरू कर दी है। शादाब शम्स ने कहा वक्फ बोर्ड को मिली असीमित शक्ति का दुरुपयोग किया जा रहा है। यदि सही से जांच हुई तो यह देश का सबसे बड़ा घोटाला निकलकर सामने आएगा। शादाब शम्स ने कहा वह मांग करते हैं कि वक्फ बोर्ड की सीबीआई जांच कराई जाये, ताकि हजारों करोड़ की जमीनों पर हुए घोटाले का पर्दाफाश हो सके। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के पास करीब 80 हजार करोड़ की संपत्ति है। जिसमें करीब 60% वक्फ की संपत्तियों पर विवाद चल रहा है। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स कहते हैं कभी भी वक्फ बोर्ड की हजारों करोड़ की संपत्ति का सही उपयोग नहीं हुआ है, ना तो इस पर कभी स्कूल बनाए गए ना ही गरीबों के लिए अस्पताल बनाये गये। इन संपत्तियों का केवल बड़े लोगों ने कब्जा कर दुरुपयोग किया है।

## केदारघाटी में एमआई 17 और चिनूक से एयरलिफ्ट रेस्क्यू शुरू

● मुख्यमंत्री ले रहे रेस्क्यू एवं सर्च अभियान के पल-पल की जानकारी



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निकट परिवेक्षण में श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर रेस्क्यू एवं सर्च अभियान पांचवे दिन भी जारी है। सोमवार को केदार घाटी का मौसम साफ होने के साथ ही एमआई 17 और चिनूक से एयरलिफ्ट रेस्क्यू शुरू हो गया है। एमआई चारधाम हेलीपैड पर यात्रियों को उतार रहा है, जबकि चिनूक गौचर हवाई पट्टी पर यात्रियों को उतरेगा। सुबह 09 बजे तक 133 लोगों को केदारनाथ से एमआई एवं चिनूक एवं छोटे हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षित एयर लिफ्ट कर रेस्क्यू किए जा चुके हैं।

रविवार देर शाम तक स्निफर डॉग की मदद से सर्च अभियान जारी रहा। वर्तमान में लिनचोली से रामबाड़ा क्षेत्र तक सर्च अभियान पूरा किया जा चुका है, जिसमें अब तक किसी व्यक्ति के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं सोमवार सुबह 100 लोगों को सुरक्षा बलों की देखरेख में श्री केदारनाथ धाम से लिनचोली हेलीपैड के लिए रवाना कर दिया गया है। इन यात्रियों को लिनचोली से एयरलिफ्ट कर शेरसी हेलीपैड पर उतारा जाएगा। इसके अलावा एनडीआरएफ की टीमें जंगल एवं मंदाकिनी नदी के आसपास भी लगातार सर्च अभियान चला रही हैं।

### हाई कोर्ट ने दिए पानी के जांच के आदेश

नईदिल्ली,दिल्ली के रोहिणी स्थित आशा किरण आश्रय गृह में हुई मौत के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। एसीजे मनमोहन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित केंद्र में एक महीने में 14 मौतें महज संयोग नहीं हो सकतीं हैं। कोर्ट ने कहा कि यदि केंद्र में भीड़भाड़ है, तो वहां रहने वालों लोगों किसी दूसरे अच्छे स्थान पर भेजा जाना चाहिए। इसके साथ ही दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल सरकार के समाज कल्याण सचिव को व्यक्तिगत रूप से आश्रय गृह का दौरा करने का आदेश दिया है। साथ ही बुधवार तक हाई कोर्ट के सामने रिपोर्ट दाखिल करने का भी आदेश दिया है। कोर्ट ने दिल्ली जल बोर्ड को आशा किरण आश्रय गृह के पानी की जांच करने का भी आदेश दिया है। कोर्ट को बताया गया कि मृतक महिलाओं में से कई टीबी से पीड़ित थीं। कोर्ट के सख्त रुख के बाद दिल्ली सरकार के अधिकारी अब इस मामले और अधिक तत्परता दिखाएंगे।

## सावन के तीसरे सोमवार पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार और पूरे प्रदेश के शिवालयों में सावन के तीसरे सोमवार पर सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सुबह से श्रद्धालु कतार में लगकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। ऐसी मान्यता है कि सावन में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने से हर मनोकामना पूरी होती है। सावन में शिव भक्तों को विशेष फल मिलने की भी मान्यता है। हरिद्वार में भगवान शिव के ससुराल कनखल में दक्षेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की लंबी–लंबी कतारें लगी हुई हैं। सावन के माह और उसपर तीसरा सोमवार होने के चलते बड़ी संख्या में शिवभक्त यहां भगवान शंकर का जलाभिषेक करने आ रहे हैं। दक्षेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी स्वामी विशेश्वर पुरी का कहना है कि सावन के महीने में भगवान शिव की आराधना का खास महत्व माना जाता है। क्योंकि सोमवार का दिन भगवान शिव को काफी पसंद होता है। कहा जाता है कि भगवान शिव को सावन के सोमवार के दिन जलाभिषेक करने से हर मुराद पूरी होती है। कहा कि कनखल में भगवान शंकर का ससुराल है, यहां हर सोमवार को गंगा जल, दूध, दही, शहद, बुरा धतूरा,घी, भाग आदि से अभिषेक करने का महत्व है। श्रवण नक्षत्र में ही मां गंगा भगवान शिव की जटाओं में आई थी। इसलिए इस मास में मां गंगा के जल का महादेव के ऊपर अभिषेक का विशेष महत्व है। भगवान शंकर ने दक्षेश्वर महादेव के रूप में एक माह स्वयंभू लिंग के रूप में रहने का वचन दिया था। सावन में उनके द्वारा किए गए वादे के अनुरूप भगवान शंकर दक्षेश्वर महादेव मंदिर यानी अपने ससुराल हरिद्वार में रहते हैं।

## पहले राज्यसभा में पेश किया जा सकता है वक्फ संशोधन बिल



नईदिल्ली,वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन बिल सोमवार को सदन में पेश नहीं किया गया. मोदी सरकार जल्द ही इस बिल को सदन में पेश करेगी. इस बिल के जरिए केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड की शक्ति को कम करने की कोशिश कर रही है. सूत्रों के मुताबिक, इस बिल को पहले राज्यसभा में पेश किए जाने की संभावना है. सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस सप्ताह के भीतर वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को पेश कर सकती है. बता दें कि संसद का बजट सत्र 12 अगस्त को समाप्त हो रहा है. ऐसे में सरकार इसी सत्र में इस बिल को पेश करने की कोशिश करेगी. सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार ने वक्फ अधिनियम में संशोधन लाने से पहले विभिन्न मुस्लिम बुद्धिजीवियों और संगठनों से बातचीत की है साथ ही उनसे सुझाव लिए हैं. इसके बाद वक्फ बोर्ड एक्ट में 32–40 संशोधन पर विचार किया जा रहा है. बता दें कि वक्फ अधिनियम पहली बार 1954 में संसद द्वारा पारित किया गया था. इसके बाद, इसे निरस्त कर दिया गया और 1995 में एक नया वक्फ अधिनियम पारित किया गया. इसके बाद साल 2013 में वक्फ बोर्डों को अधिक शक्तियां प्रदान कीं. संपत्ति को 'वक्फ संपत्ति' के रूप में नामित करने के लिए वक्फ बोर्ड को दूरगामी शक्तियां देने के लिए इस अधिनियम में संशोधन किया गया था. सूत्रों के मुताबिक प्रस्तावित संशोधनों से वक्फ बोर्ड के लिए अपनी संपत्ति का पंजीकरण जिला कलेक्टर कार्यालय में कराना अनिवार्य हो सकता है, ताकि संपत्ति का मूल्यांकन किया जा सके. संशोधनों का उद्देश्य केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य बोर्डों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करके समावेशिता को बढ़ाना भी है.

इस बीच यूपी के मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि वक्फ संपत्ति पर अतिक्रमण और दुरुपयोग की शिकायतें मिली हैं. उन्होंने कहा कि, वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का उपयोग मुस्लिम समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए किया जाना चाहिए. हालांकि, हमें अतिक्रमण, भूमि का दुरुपयोग आदि की शिकायतें मिल रही थीं. मोदी और योगी सरकार मुस्लिम समुदाय के हित में विश्वास करती है. हमें उनके हितों की रक्षा करनी चाहिए. वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का उपयोग मुस्लिम समुदाय के लाभ के लिए अस्पतालों, स्कूलों और कॉलेजों के निर्माण में किया जाना चाहिए.

### संदिग्ध आतंकियों को लेकर घटनास्थल पहुंची एनआईए, खुलेंगे राज

**–रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट**

बेंगलुरु, बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) सोमवार को दो संदिग्ध आतंकियों को लेकर घटनास्थल पर पहुंची। एनआईए ने ब्लास्ट के पांच महीने के बाद घटनास्थल का निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार, एनआईए की टीम सोमवार सुबह 5.30 बजे रामेश्वरम कैफे पहुंची। उनके साथ ब्लास्ट में शामिल दोनों संदिग्ध आतंकी भी थे। कैफे के बाहर 50 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। इस दौरान लोगों की आवाजाही को रोकने के लिए आसपास के इलाके में बैरिकेड लगा दिए गए।

## भारत पहुंच अजित डोभाल से मिली शेख हसीना



नईदिल्ली, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में हैं. इस दौरान नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की. हसीना ढाका से भागकर आज शाम गाजियाबाद पहुंची हैं. शाम 5.36 बजे उनका विमान सी–130 हिंडन एयरपोर्ट पर लैंड हुआ था. सूत्रों के मुताबिक, शेख हसीना के मामले में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. उन्होंने पीएम मोदी को पूरी घटना की ब्रीफिंग दी है. पीएम मोदी के अलावा, विदेश मंत्री ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से भी मुलाकात की और उन्हें भी बांग्लादेश की घटना के बारे में ब्रीफ किया. बांग्लादेशी प्रधानमंत्री का विमान भारतीय वायुसेना के हैंगर के करीब पार्क है. वायुसेना पूरे मूवमेंट पर नजर रख रही है. सुरक्षा बलों और वायुसेना के सूत्रों का कहना है कि भारतीय एयरस्पेस में जैसे ही उनका विमान दाखिल हुआ, तब से लेकर हिंडन एयरपोर्ट पहुंचने तक हमने निगाहें गड़ाए रखीं.

## संपादकीय

### वक्फ अधिनियम में बदलाव जरूरी

*एक लंबे समय से एक अधिकार जैसी व्यवस्था पर चल रहा वक्फ बोर्ड अब संशोधन की राह पर है। क अधिनियम से जुड़े इस मामले में हमेशा से ही विवाद बना रहा है और अब केंद्र सरकार इसमें बड़े पैमाने पर बदलाव करने जा रही है। निश्चित है कि विरोध किया जाएगा लेकिन फिलहाल यह तय नहीं है कि वक्फ अधिनियम में किस प्रकार के परिवर्तन किए जाने की संभावना है, लेकिन सरकार की ओर से इसका ड्राफ्ट तैयार किया जा चुका है। यह तो निश्चित हो चुका है कि विभिन्न संपत्तियों के दावे को लेकर जिस प्रकार का रवैया वक्फ बोर्ड दिखाता है उसमें निहित अधिकारों में कटौती होना निश्चित है। यह दुर्भाग्य ही है कि वक्फ बोर्ड को किसी भी राज्य में यह अधिकार मिले हुए है कि वह यदि किसी भी संपत्ति पर दावा कर दे तो वह संपत्ति उसके अधिकार क्षेत्र में मान ली जाती है और उसे संपत्ति पर काबिज व्यक्ति को ही साबित करना होगा कि वह संपत्ति उसकी है। यह अजीब कानून हमारे देश में एक लंबे समय से चला आ रहा है जो सीधे तौर पर तुष्टिकरण की राजनीति के साथ–साथ एक खास वर्ग को कुछ खास राजनीतिक दलों द्वारा अपने पक्ष में बनाए रखने के लिए वजूद में लाया गया था। वक्फ अधिनियम की आड़ में तमाम संपत्तियों पर दावे ठोके गए हैं जिनके मामले आज भी अदालत में चल रहे हैं। केंद्र सरकार ने ऐसी ही मनमानी को देखते हुए वक्फ अधिनियम में बदलाव करने की तैयारी की है और यह जरूरी भी है कि इस तरह के तुगलगी कानून को समाप्त किया जाए। इस अधिनियम की आड़ में न केवल वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का दुरुपयोग किया जा रहा था बल्कि दुर्भावना से प्रेरित होकर भी लोगों की संपत्तियों पर दावे ठोके जा रहे थे। पूरे देश में ऐसी न जाने कितनी जमीन हैं और संपत्तियां हैं जो या तो वक्फ अधिनियम की आड़ में हड़प ली गई है या फिर इन पर काबिज होने की कवायद लंबे समय से चलती आ रही है। कुछ मामलों में तो ऐसी संपत्तियों को बेचने की बातें भी सामने आई है तो इन परिस्थितियों में यदि अधिनियम में व्यापक परिवर्तन किया जाता है तो निश्चित तौर पर इसका स्वागत किया जाना चाहिए। इसे लेकर भी विवाद है कि वक्फ बोर्ड द्वारा इन संपत्तियों का उपयोग जनहित में नहीं किया जाता है बल्कि बोर्ड पर कब्जा जमाए लोग अपने निजी स्वार्थों के लिए इसका लाभ उठा लेते हैं। वक्फ बोर्ड अधिनियम में परिवर्तन की सुगबुगाहट सुनते ही अंदरखाने में हलचल साफ नजर आने लगी है खासतौर से मुस्लिम वोटो पर राजनीति करने वाले नेताओं में खलबली मच गई है। यहां अधिनियम में शामिल गलत बातों का विरोध करने के बजाय अब सीधे तौर पर केंद्र सरकार की आलोचना का दौर शुरू होगा और इस पूरे प्रकरण को धार्मिक रंग देने की कोशिश की जाएगी। समय की भी यही मांग है कि इस प्रकार के अधिनियम समाप्त होनी चाहिए जो किसी धर्म की आड़ में मनमानी का अधिकार देता हो।*

# नव तस्करी के खिलाफ लड़ाई

**राजेश मणि**

नव तस्करी के खिलाफ हमारी लड़ाई में, हमें लगातार नवाचार के माध्यम से जुड़ने और एकजुट होने का प्रयास करना चाहिए, जिसमें डिजिटल प्रौद्योगिकी को हमारे उपयोग का अनुकूलन भी शामिल है।

तस्कर दूसरों का शोषण करने के लिए इंटरनेट की लगातार बदलती प्रकृति का लाभ उठाते हैं; यह जरूरी है कि हम भी इस प्रवृत्ति का मुकाबला करने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाएं। डिजिटल तकनीक ने हमें तस्करी को रोकने, पीड़ितों की रक्षा करने, बुरे लोगों पर मुकदमा चलाने और इस अपराध से निपटने के लिए वैश्विक साझेदारी बनाने के नए तरीके दिए हैं।

डिजिटल तकनीक और मानव तस्करी के बीच एक तरह का संबंध तब हो सकता है जब तस्कर पीड़ितों का शोषण करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं।

हालांकि यह कोई नई घटना नहीं है, लेकिन इस मुद्दे पर नए सिरे से ध्यान दिया गया क्योंकि कई लोगों ने कोविड–19 महामारी के चरम पर अपनी दैनिक गतिविधियों को ऑनलाइन कर दिया। कई देशों की रिपोर्टों ने ऑनलाइन वाणिज्यिक यौन शोषण और यौन तस्करी में भारी वृद्धि को प्रदर्शित किया, जिसमें बच्चों का ऑनलाइन यौन शोषण, और बाल यौन शोषण सामग्री की मांग और वितरण शामिल है। तस्करों ने पीड़ितों को तैयार करने, धोखा देने, नियंत्रित करने और उनका शोषण करने के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके व्यक्तियों का शोषण करने की योजनाओं को आगे बढ़ाना जारी रखा है।

इनमें से कुछ योजनाएं, लोगों को सैकड़ों मील दूर, सीमाओं के पार भी लुभाती हैं, जबकि अन्य के लिए उन्हें अपने घरों से बाहर निकलने की आवश्यकता नहीं होती है। मानव तस्करी के पीड़ितों और बचे लोगों ने तेजी से साझा किया है कि वे पहली बार अपने तस्करों से ऑनलाइन जुड़े थे, जबकि तस्कर डिजिटल तकनीकों के अपने उपयोग को परिष्कृत और उन्नत करना जारी रखते हैं, सरकारों और अन्य तस्करी विरोधी हितधारकों को मानव तस्करी से निपटने के लिए ऐसा ही करना चाहिए।

तस्कर संभावित पीड़ितों की पहचान और उन्हें तैयार करने के लिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं। यूएनओडीसी के अनुसार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तस्करों को सक्रिय रूप से और गुमनाम रूप से एक विशिष्ट प्रकार के व्यक्ति की खोज करने में मदद करते हैं, जिनके बारे में उन्हें लगता है कि वे उनकी योजना को आगे बढ़ाने के लिए विशेष रूप से अतिसंवेदनशील हैं (शिकार प्रक्रिया), या ऑनलाइन पोस्ट करके और प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा करके संभावित पीड़ितों को निष्क्रिय रूप से आकर्षित करते हैं

**तस्कर संभावित पीड़ितों की पहचान और उन्हें तैयार करने के लिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं। यूएनओडीसी के अनुसार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तस्करों को सक्रिय रूप से और गुमनाम रूप से एक विशिष्ट प्रकार के व्यक्ति की खोज करने में मदद करते हैं, जिनके बारे में उन्हें लगता है कि वे उनकी योजना को आगे बढ़ाने के लिए विशेष रूप से अतिसंवेदनशील हैं (शिकार प्रक्रिया), या ऑनलाइन पोस्ट करके और प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा करके संभावित पीड़ितों को निष्क्रिय रूप से आकर्षित करते हैं (मछली पकड़ने की प्रक्रिया)। अपराधी संभावित पीड़ितों के साथ बातचीत करते समय नकली खातों और प्रोफाइल के माध्यम से अपनी असली पहचान छिपाने के लिए सोशल मीडिया, ऑनलाइन विज्ञापन, वेबसाइट, डेटिंग ऐप और गेमिंग प्लेटफॉर्म–या ऐसे उपकरणों की धोखाधड़ी या भ्रामक नकल–का उपयोग कर सकते हैं।**

(मछली पकड़ने की प्रक्रिया)। अपराधी संभावित पीड़ितों के साथ बातचीत करते समय नकली खातों और प्रोफ़ाइल के माध्यम से अपनी असली पहचान छिपाने के लिए सोशल मीडिया, ऑनलाइन विज्ञापन, वेबसाइट, डेटिंग ऐप और गेमिंग प्लेटफॉर्म–या ऐसे उपकरणों की धोखाधड़ी या भ्रामक नकल–का उपयोग कर सकते हैं।

एक बार जब संभावित पीड़ितों की पहचान हो जाती है और संपर्क स्थापित हो जाता है, तो इंटरनेट के माध्यम से संचार शिक्षा, रोजगार, आवास या रोमांटिक संबंधों के झूठे वादों के साथ व्यक्तियों को धोखा देने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करता है, केवल उन्हें श्रम और यौन तस्करी की स्थितियों में लुभाने के लिए। उदाहरण के लिए, एक तस्कर एक ऑनलाइन व्यावसायिक वेबसाइट बना सकता है, जिस पर वे अक्सर पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए यथार्थवादी तस्वीरें शामिल करते हैं और उन्हें विश्वास दिलाते है कि अवसर प्रामाणिक है और उनके करियर को आगे बढ़ाने या उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगा। इंटरनेट शोषणकारी योजना को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में भी काम कर सकता है, जिसमें सेक्सटॉर्शन के माध्यम से भी शामिल है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) सेक्सटॉर्शन को एक गंभीर अपराध के रूप में परिभाषित करता है जो तब होता है जब अपराधी पीड़ित द्वारा यौन प्रकृति की तस्वीरें, यौन एहसान या पैसे न दिए जाने पर निजी और संवेदनशील सामग्री वितरित करने की धमकी देता है।

इसके अतिरिक्त, तस्कर जबरन अपराध को बढ़ावा देने के लिए इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं, जो एक तेजी से आम तंत्र है जिसमें तस्कर अपने पीड़ितों को ऑनलाइन घोटाले के संचालन से लेकर व्यावसायिक सेक्स तक के कामों में शामिल होने या उनका समर्थन करने के लिए मजबूर करते हैं। तस्कर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन नौकरी लिस्टिंग के माध्यम से पीड़ितों को भर्ती करते हैं, उन्हें परिसरों में बंद कर देते हैं और गंभीर नुकसान की धमकी देकर उन्हें ऑनलाइन आपराधिक गतिविधि में शामिल होने के लिए मजबूर करते हैं। ऑनलाइन घोटाले के संचालन में अवैध ऑनलाइन जुआ, क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजनाएं और रोमांस घोटाले शामिल हैं, जिनमें से सभी में तस्करी का शिकार व्यक्तियों के साथ संबंध बनाता है ताकि उन्हें महत्त्वपूर्ण रकम का धोखा दिया जा सके। संक्षेप में, तस्कर अपने तस्करी कार्यों की पहुंच, पैमाने और गति को बढ़ाने के लिए इंटरनेट जैसे डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं। हालांकि तकनीकी विकास के साथ तरीके और साधन विकसित हो सकते हैं, लेकिन तस्करी के मूल में शोषण अभी भी जारी है, जो इस अपराध की जांच और उससे निपटने के लिए व्यापक और अभिनव दृष्टिकोण की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।

हम सभी को विशेषकर बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है या मॉनिटरिंग करने की आवश्यकता है। तस्कर आए दिन अपने तरीके बदलते रहते हैं। अपने देश में इस मुद्दे को यानी मानव तस्करी को गृह मंत्रालय मॉनिटर करता है और इस संगठित अपराध को कम करने के लिए संकल्पित भी है। गृह मंत्रालय ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने का गठन करने के लिए सभी प्रदेशों को आदेश भी दिया है। आदेश के बाद लगभग राज्यों में इसका गठन हो भी चुका है। साथ ही प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के प्रशिक्षण के लिए भी गृह मंत्रालय कार्य कर रहा है।

# भूख जैसी समस्या का भी हल नहीं

**रविशंकर**

दुनियाभर के लिए भुखमरी आज एक वैश्विक समस्या बन गई है। जनसंख्या बढने के साथ ही विभर में भुखमरी का आंकड़ा भी दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

जबकि पृथ्वी पर हर एक इंसान का पेट भरने लायक पर्याप्त भोजन का उत्पादन हो रहा है, लेकिन फिर भी दुनिया के कुछ हिस्सों में भुखमरी बढ़ती जा रही है।हकीकत ये है कि आधुनिक दुनिया में आज हर 11वां इंसान अभी भी खाली पेट सोने को मजबूर है। मतलब की दुनिया में 73.3 करोड़ लोग ऐसे हैं,जिन्हें भरपेट खाना नसीब नहीं हो रहा है। यदि 2019 की तुलना में देखें तो इन लोगों की संख्या में 15.2 करोड़ का इजाफा हुआ है।

अफ्रीका में हालात तो और भी कहीं ज्यादा खराब है, जहां हर पांचवां इंसान भुखमरी का सामना करने को मजबूर है। ये जानकारी दुनिया में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति पर जारी एक नई रिपोर्ट में सामने आई है। 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2024' नामक ये रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ), अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी), यूनिसेफ, विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने संयुक्त रूप से प्रकाशित की है।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि आज दुनिया की एक तिहाई आबादी ऐसी है, जो पोषण युक्त आहार खरीदने में सक्षम नहीं है। रिपोर्ट में जो आंकड़े साझा किए गए हैं वो खाद्य सुरक्षा की एक गंभीर तस्वीर पेश कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में 233 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्हें नियमित तौर पर पर्याप्त भोजन हासिल करने के लिए जूझना पड़ रहा है। इनमें 86.4 करोड़ लोग वो हैं जिन्हें गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा। यानी उन्हें कुछ समय बिना खाए ही गुजारा करना पड़ा है।

वास्तविकता में देखें तो पोषण के मामले में दुनिया 15 साल पीछे चली गई है और कुपोषण का स्तर 2008–2009 के स्तर पर पहुंच चुका है। हालांकि देखा जाए तो ये स्थिति तब है जब सतत विकास के लक्ष्यों के तहत 2030 तक किसी को खाली पेट न सोने देने की बात कही गई थी। मतलब की इन छह वर्षों में दुनिया को एक लंबा सफर तय करना है। रिपोर्ट में ये चेतावनी भी दी गई है कि अगर मौजूदा हालात इसी तरह से जारी रही, तो 2030 तक लगभग 58 करोड़ से ज्यादा लोग गंभीर कुपोषण का शिकार हो जाएंगे। इनमें से आधे अफ्रीका में होंगे।

साफ है, दुनियाभर में तमाम प्रोग्राम और संयुक्त राष्ट्र की कोशिशों के बावजूद खाद्य असामनता और कुपोषण जैसे मुद्दे पर अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। यूं तो इंसान पांच दशक पहले ही चांद पर पहुंच गया, लेकिन इसी दुनिया में आज भी करोड़ों लोगों को चांद रोटी में नजर आता है। ताजा रिपोर्ट देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुनिया में भुखमरी की संख्या घटने की बजाए तेजी से बढ़ रही है। साफ है, भूख की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए अभी दुनिया को एक लंबा रास्ता तय किया जाना बाकी है। ये कैसी विडंबना है एक ओर हमारे और आपके घर में रोज सुबह रात का बचा हुआ खाना बासी समझ कर फेंक दिया जाता है तो वहीं दूसरी ओर कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें एक वक्त का खानातक नसीब नहीं हो रहा है और वे भूख से जूझ और मर रहे है।

दुनिया भर में हर साल जितना भोजन तैयार होता है उसका लगभग एक–तिहाई बर्बाद हो जाता है। बर्बाद किया जाने वाला खाना इतना होता है कि उससे दो अरब लोगों के भोजन की ज़रूरत पूरी हो सकती है। गौर करने वाली बात ये है कि दुनिया में बढ़ती संपन्नता के साथ ही लोग खाने के प्रति असंवेदनशील हो रहे हैं। खर्च करने की क्षमता के साथ ही लोगों में खाना फेंकने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। कमोबेश हर विकसित और विकासशील देश की यही कहानी है। अगर इस बर्बादी को रोका जा सके तो कई लोगों का पेट भरा जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ, खाद्यान्न की क्षति और बर्बादी न केवल संसाधनों के कुप्रबंधन का मुद्दा है बल्कि ये बड़े पैमाने पर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी योगदान देती है। खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) का अनुमान है कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के आठ प्रतिशत के लिए खाद्य अपशिष्ट भी जिम्मेदार होते हैं।

वर्तमान समय में हर देश विकास के पथ पर आगे बढने का दावा करता है। अल्पविकसित देश विकासशील देश बनना चाहते हैं तो वहीं विकासशील देश विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होना चाहते हैं। इसके लिए देशों की सरकारें प्रयास भी करती हैं तथा विकास के संदर्भ में अपनी उपलब्धियों को गिनाती हैं। यहां तक कि विकास दर के आंकड़े से ये अनुमान लगाया जाता है कि कोई देश किस तरह विकास कर रहा है कैसे आगे बढ़ रहा है? ऐसे में जब कोई ऐसा आंकड़ा सामने आ जाए जो आपको ये बताए कि अभी तो देश 'भूख' जैसी 'समस्या को भी हल नहीं कर पाया है, तब विकास के आंकड़े झूठे लगने लगते हैं। ये कैसा विकास है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को भोजन भी उपलब्ध नहीं है।

# गरीबी मुक्त गांव बनाने का आह्वान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से गरीबी मुक्त गांव बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नीति आयोग की 9वीं शासी परिषद की बैठक के समापन अवसर पर शनिवार को कहा कि 2047 तक विकसित भारत, जो हर भारतवासी की महत्त्वाकांक्षा है, के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसके लिए राज्यों की भागीदारी महत्त्वपूर्ण है। यह दशक तकनीकी और भू–राजनीतिक बदलावों और अवसरों का है, जिसका लाभ उठाया जाना चाहिए।

मजे की बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित राष्ट्र के सफर में राज्यों की भागीदारी की बात कह रहे हैं, लेकिन बैठक में बिहार, केरल समेत 10 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश शामिल नहीं हुए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक में पहुंचीं जरूर लेकिन अपना भाषण बीच में ही रोक देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने बैठक का बहिष्कार कर दिया।

इतनी महत्त्वपूर्ण बैठक से दस से ज्यादा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का शामिल न होना निश्चित ही दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि विकसित राष्ट्र की दिशा में अकेले–दुकेले की बढ़त से बात नहीं बनेगी। सभी की भागीदारी और सहयोग होना जरूरी है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, गरीबी उन्मूलन और आबादी का प्रबंधन जैसे तमाम मुद्दे हैं, जिनके लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अपने तईं प्रयास करने होंगे। जरूरी बन पड़ी नीतियों को क्रियान्वयन करके देश के आर्थिक विकास की दिशा में अपना महती योगदान देना होगा।

बैठक में प्रधानमंत्री ने जो सबसे महत्त्वपूर्ण बात कही वह थी गरीबी–मुक्त गांव की दिशा में काम करने की। बेशक, इस दिशा में तैयारी करके बढ़ा जाए तो बेहतर नतीजों की उम्मीद की जा सकती है। माइक्रो लेवल का आर्थिक प्रबंधन कोई नहीं बात नहीं है। बहुत पहले गांधी जी ने गांव के स्तर पर ज्यादा से ज्यादा सक्रियता की बात कही थी। उन्हें लगता था, और जो भारत जैसे गांवों के देश में सही भी था, कि गांव के स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को मजबूती देकर आमजन को सबल बनाया जाना चाहिए। लेकिन बाद में इस आर्थिक सोच को बिसरा दिया गया।

नतीजतन, गांव में रोजगार की स्थिति खासी चरमरा गई और बड़े पैमाने पर पलायन होने लगा। तमाम शहरों और बड़े नगरों की ओर हुए आबादी के पलायन से शहरों में नागरिक सुविधाओं के हालात बदतर हो गए। जरूरी है कि केंद्र सरकार और राज्यों में आरूढ़ सरकारें मिलकर गांवों को सबल बनाने की दिशा में अग्रसर हों जिससे आम जन के हालात बेहतर हो सकेंगे जो बड़ी सफलता होगी।

# औरों में कहां दम था पहले ही दिन हुई बॉक्स ऑफिस पर ढेर, उलझ भी बेदम

बीते शुक्रवार को 2 चर्चित फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुईं। एक औरों में कहां दम था और दूसरी फिल्म उलझ।दोनों फिल्मों का दर्शकों को लंबे समय से इंतजार था और प्रचार भी खूब किया गया था। कयास लगाए जा रहे थे कि दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक प्रदर्शन करेंगी, लेकिन न तो दर्शकों ने फिल्मों की तारीफ की और ना समीक्षकों ने।अब इन दोनों फिल्मों के पहले दिन के कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं।



बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, औरों में कहां दम था ने पहले दिन 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म की कमाई वीकेंड में थोड़ी बढने की संभावना है, लेकिन बहुत उम्मीद करना भी बेमानी होगी, क्योंकि फिल्म की शुरुआत काफी खराब है।अजय देवगन और तब्बू जैसे सितारे होने के बावजूद पहले दिन यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई है। यह बीते कई सालों में अजय की सबसे कमजोर ओपनिंग वाली फिल्म बन गई है। दूसरी ओर जाह्नवी की फिल्म उलझ ने पहले दिन महज 1.15 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। इस फिल्म के शोज में भी दर्शक नदारद ही दिखे हैं।शनिवार और रविवार का दिन इस फिल्म के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण होंगे। ये 2 दिन फिल्म का भविष्य तय करेंगे।किसी भी फिल्म के लिए उसका ओपनिंग डे कलेक्शन काफी अहम होता है। हालांकि, पहले दिन उलझ और औरों में कहां दम था दोनों ही फेल हो गई हैं।

उलझ में आदिल हुसैन, गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू जैसे सितारे नजर आए हैं। इसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया ने किया है।

## इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प का 55 साल की उम्र में हुआ निधन, क्रिकेट जगत में छाई मायूसी

नईदिल्ली, इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प का 55 साल की आयु में निधन हो गया।वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भी इस पूर्व बल्लेबाज की मृत्यु पर अपना शोक व्यक्त किया।बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड की ओर से 100 टेस्ट खेले थे। इसके बाद वह इंग्लिश टीम के साथ बतौर कोच भी काम कर चुके थे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपने बयान में कहा, हमें यह खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि ग्राहम थोर्प का निधन हो गया है। उनके निधन पर हमें जो गहरा सदमा लगा है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। इंग्लैंड के अब तक के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक होने के अलावा वह क्रिकेट परिवार के एक प्रिय सदस्य थे और दुनिया भर के प्रशंसक उनका सम्मान करते थे। थोर्प ने 2005 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहा था।इसके बाद वह 2010 में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड में मुख्य बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल हुए और उन्होंने क्रिस सिल्वरवुड के सहायक कोच के रूप में काम किया।

# हॉकी: सेमीफाइनल से पहले हरमनप्रीत ने कहा, हम जर्मनी से फाइनल खेलना चाहते थे

पेरिस, । पेरिस ओलंपिक खेलों के क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में शानदार जीत के बाद हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय हॉकी टीम मंगलवार को जब जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में उतरेगी तो इस बार लक्ष्य मेडल का रंग बदलने का होगा। भारत के लिए हरमनप्रीत ने मैच के 22वें मिनट में गोल किया, जबकि ली मोर्टन ने 27वे मिनट में ब्रिटेन के लिए गोल किया। निर्धारित 60 मिनट तक दोनों टीमें 1–1 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद शूटआउट के जरिये विजेता का फैसला हुआ जहां भारत ने 4–2 से मुकाबला अपने नाम किया। पीआर श्रीजेश एक बार फिर अपनी स्मार्ट गोलकीपिंग से टीम की जीत के हीरो रहे। अब सेमीफाइनल में



भारत का सामना विश्व नंबर–2 टीम जर्मनी से होगा। सेमीफाइनल से पहले कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि टीम एक चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी जर्मनी के खिलाफ फाइनल खेलना चाहती थी। हरमनप्रीत ने कहा, हम फाइनल में जर्मनी से खेलना चाहते थे। कम से कम ओलंपिक खेलों से पहले टीम मीटिंग के दौरान हमने आपस में यही चर्चा की थी। वे एक चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी हैं और जब हम उनके खिलाफ खेलते हैं तो मैच आमतौर पर आखिरी सेकंड तक खिंचता है। सेमीफाइनल मुकाबले से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है क्योंकि उनके डिफेंडर और नंबर एक पेनल्टी कॉर्नर रशर अमित रोहिदास इस मैच में नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उन पर एक मैच का बैन लगा है। हरमनप्रीत ने आगे कहा, अब ये चीजें हमारे नियंत्रण में नहीं हैं। हालांकि सेमीफाइनल के लिए अमित का मैदान पर न होना एक बड़ा झटका है, लेकिन हम अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## आईफा उत्सव 2024 में लॉन्च होगा ध्रुव सरजा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी स्टारर केडी–कालिदास का ट्रेलर

केडी–कालीदास का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आईफा उत्सव 2024 में लॉन्च होने वाला है। दो दिवसीय महोत्सव 6 और 7 सितंबर को अबू धाबी के यास द्वीप पर एतिहाद एरिना में आयोजित किया जाएगा।सुपरस्टार ध्रुव सरजा ने अपने सोशल मीडिया पर यह रोमांचक खबर साझा की, उन्होंने फिल्म का पोस्टर पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा, 6 और 7 सितंबर को आईफा उत्सव 2024 में केडी–कालीदास के विशेष ट्रेलर लॉन्च के लिए तैयार हो जाइए, केवल अबू धाबी के यास द्वीप पर। अभी अपनी सीटें पकड़ें ! आईफा उत्सव में विशेष ट्रेलर लॉन्च केडी–कालीदास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है, जो इसे इस साल के अंत में रिलीज होने से पहले वैश्विक दर्शकों को लुभाने का अवसर प्रदान करेगा।इस रोमांचक अवसर पर टिप्पणी करते हुए, केडी–कालीदास के लेखक और निर्देशक प्रेम ने अपना उत्साह व्यक्त किया: मैं आईफा उत्सव समारोह के प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर केडी–कालीदास के विशेष ट्रेलर लॉन्च का अनावरण करते हुए बेहद रोमांचित हूँ। इस फिल्म के निर्देशक और लेखक के रूप में, जो राम और रावण के सह–अस्तित्व के समान अच्छे और बुरे के द्वंद्व की खोज करती है, मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि केडी–कालीदास सिर्फ़ एक खूनी कहानी से कहीं बढ़कर है। इसमें एक रोमांटिक और नैतिक रेखा है। तैयार हो जाइए क्योंकि केडी–कालीदास एक ब्लॉकबस्टर एक्शन थ्रिलर, एक शुद्ध दृश्य तमाशा होने का वादा करती है। केवीएन प्रोडक्शंस के तहत निर्मित, मुझे विश्वास है कि यह इस साल के अंत में सभी पाँच भाषाओं: कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज़ होने के कारण पूरे भारत में धूम मचा देगी। इंतज़ार नहीं कर सकता!यह फिल्म पूरे भारत में धूम मचाने का वादा करती है, जो साल के सबसे रोमांचक सिनेमाई अनुभवों में से एक के लिए मंच तैयार करती है।

## राम पोथिनेनिन की फिल्म डबल आईस्मार्ट का दूसरा सिंगल मार मुंथा छोड़ चिंता रिलीज

उस्ताद राम पोथिनेनिन और डैशिंग डायरेक्टर पुरी जगन्नाथ की सनसनीखेज हिट आईस्मार्ट शंकर अपनी थिएटर रिलीज़ से पहले ही म्यूजिकल हिट बन गई थी। इसी तरह, इस घातक संयोजन में दूसरी फिल्म का एल्बम भी फिल्म की रिलीज़ से बहुत पहले ही चार्टबस्टर बन गया है। फिल्म डबल आईस्मार्ट जो आईस्मार्ट शंकर की अगली कड़ी है, उसका संगीत मणि शर्मा ने दिया है, जिन्होंने एक और बड़े पैमाने पर अपील करने वाला फुटटैपिंग एल्बम बनाया है। पहले सिंगल स्टेप्पा मार को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। आज, फिल्म का दूसरा सिंगल मार मुंथा छोड़ चिंता रिलीज़ किया गया। कसारला श्याम द्वारा लिखे गए गीत अनोखे हैं और एक विशिष्ट हैदराबादी स्लैंग का अनुसरण करते हैं। मणि शर्मा की रचना बहुत ही देशी लोक स्वाद की है जिसमें बहुत ऊँची बीट्स हैं।

# पेरिस ओलंपिक मेडल टैली : चीन को पछाड़कर शीर्ष पर अमेरिका, भारत 57वें स्थान पर

पेरिस, एथलेटिक्स में दो स्वर्ण जीतने के बाद, अमेरिका ने चीन को पछाडक़र पेरिस ओलंपिक मेडल टैली में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है और प्रतियोगिता के 10वें दिन 19 स्वर्ण, 26 रजत और 26 कांस्य पदकों के साथ कुल 71 पदकों के साथ प्रवेश किया। दूसरी ओर चीन शीर्ष स्थान गंवाते हुए 19 स्वर्ण, 15 रजत और 11 कांस्य के साथ कुल 45 पदकों के साथ अब दूसरे स्थान पर है। मेजबान फ्रांस 12 स्वर्ण, 14 रजत और 18 कांस्य सहित 44 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया 31 पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। ग्रेट 10 स्वर्ण, 12 रजत और 15 कांस्य पदकों के साथ कुल 37 पदकों के साथ पांचवें स्थान पर है। भारत तीन कांस्य पदकों के साथ वर्तमान में 57वें स्थान पर है।

टॉप– 5 और भारत:

1. अमेरिका (19 स्वर्ण , 26 रजत और 26 कांस्य); कुल 71
2. चीन (19 स्वर्ण , 15 रजत और 11 कांस्य); कुल 45
3. फ्रांस ( 12 स्वर्ण , 14 रजत और 18 कांस्य); कुल 44
4. ऑस्ट्रेलिया ( 12 स्वर्ण , 11 रजत और 8 कांस्य); कुल 31
5. ग्रेट ब्रिटेन (10 स्वर्ण, 12 रजत और 15 कांस्य) ; कुल 37

44. भारत (0 स्वर्ण , 0 रजत और 3 कांस्य)

पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए 9वां दिन उतार–चढ़ाव से भरपूर रहा। एक तरफ बॉक्सिंग में भारत की पदक की उम्मीद लवलीना बोरगोहेन के क्वार्टर फाइनल मुकाबला हारने से धूमिल हो गईं, तो दूसरी ओर लक्ष्य सेन भी बैडमिंटन में अपना सेमीफाइनल मैच हार गए। अच्छी बात यह है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

पेरिस ओलंपिक के 10वें दिन भारत का ऐसा रहेगा कार्यक्रम:

दोपहर 12:30 बजे: निशानेबाजी में अनंतजीत सिंह और महेश्वरी चौहान मिक्स्ड स्कीट टीम क्वालीफिकेशन में हिस्सा लेंगे।

दोपहर 1:30 बजे: टेबल टेनिस में महिला टीम (श्रीजा, मनिका और अर्चना कामत) राउंड ऑफ 16 में खेलेगी।

दोपहर 3:25 बजे: एथलेटिक्स में किरण पहल महिलाओं की 400 मीटर दौड़ राउंड–1 में भाग लेंगी। दोपहर 3:45 बजे: नौकायन में नेत्रा कुमानन महिलाओं की डिंगी आईएलसीए 6 वर्ग की नौवीं और दसवीं रेस में प्रतिस्पर्धा करेंगी। शाम 6:00 बजे: बैडमिंटन में लक्ष्य सेन पुरुष एकल का कांस्य पदक मुकाबला खेलेंगे।

शाम 6:10 बजे: सेलिंग में विष्णु सरवनन पुरुषों की डिंगी आईएलसीए 7 वर्ग की नौवीं और दसवीं रेस में भाग लेंगे।

शाम 6:30 बजे: निशानेबाजी में अनंतजीत सिंह और महेश्वरी चौहान मिक्स्ड स्कीट टीम के कांस्य या स्वर्ण पदक मुकाबले में उतरेंगे। (यदि क्वालीफाई करते हैं)

शाम 6:30 बजे: महिला कुश्ती 68 किलो भार वर्ग में निशा का राउंड ऑफ 16 का मुकाबला होगा।

रात 7:50 बजे: महिला कुश्ती 68 किलो भार वर्ग में ही निशा का क्वार्टर फाइनल मुकाबला होगा। (अगर निशा क्वालीफाई करती हैं)

रात 10:34 बजे: एथलेटिक्स में अविनाश साबले 3000 मीटर स्टीपलचेज राउंड 1 में भाग लेंगे।

## एक नजर

### महाविद्यालय में खुलेगा उद्यमिता विकास केंद्र

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल में देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र खोला जाएगा। इसके लिए धरातल पर जल्द ही कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा।

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से प्रशिक्षण लेकर लौटे सहायक प्राध्यापक डा. महेश चंद्र आर्य ने छात्रों को जानकारी दी। बताया कि उन्होंने उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग व भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में अहमदाबाद में विद्यार्थियों में रोजगार के विकल्प के रूप में उद्यमिता को अपनाने के लिए फैकल्टी मेंटर विकास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। बताया कि इस योजना के तहत अब राजकीय महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता केंद्र खोला जाएगा। जिसमें महाविद्यालय के छात्रों सहित ब्लाक के अंतर्गत आने वाले 18 से 45 वर्ष तक के युवाओं व वयस्कों को उद्यमिता व स्वरोजगार हेतु जागरूक किया जायेगा। कहा कि महाविद्यालय में सत्र 2024-25 मे एक बूट कैंप, 12 दिवसीय ईडीपी, पांच श्रृंखला व जागरूकता अभियान का आयोजन भी किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री आज करेंगे आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल (मंगलवार को) एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री केदारघाटी में अतिवृष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्रों में बचाव एवं राहत कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेगें। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावित व्यक्तियों से भेंटवार्ता भी करेगें। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल (मंगलवार को) एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री जीटीसी हैलीपैड़ से प्रातः 10 बजे हैलीकॉप्टर के माध्यम से प्रस्थान कर प्रातः 10:40 बजे शेरसी हैलीपैड़ पहुंचेंगे। इसके बाद 11 बजे तक केदारघाटी में अतिवृष्टि/आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की ब्रीफ्रिंग करेंगे। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इसके बाद 12:20 बजे कार से सोनप्रयाग से होते हुए 12:30 बजे जीएमवीएन अतिथि गृह रामपुर पहुंचेंगे। यहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रभावित व्यक्तियों के साथ भेंटवार्ता व संवाद करेंगे। इसके बाद अपराह्न 1:25 बजे शेरसी हैलीपैड़ से देहरादून हेतु प्रस्थान करेंगे।

### पटेलनगर में ट्रक ड्राइवर से तमंचे के बल पर लूट

देहरादून। पटेलनगर में ट्रक ड्राइवर को तमंचे के बल पर लूट लिया गया। दो आरोपी दिन दहाड़े ट्रक में चढ़े और वारदात के बाद फरार हो गए। मामले में पटेलनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।यूपी के नाह थाना दादो जिला अलीगढ़ निवासी ड्राइवर शिव शंकर शर्मा ट्रक लेकर रविवार को देहरादून आए थे। रविवार शाम उन्होंने अपना ट्रक पटेलनगर क्षेत्र में ओलंपस स्कूल के पास पार्क किया हुआ था। रविवार शाम करीब सवा तीन बजे वह ट्रक के भीतर आराम कर रहे थे। इस दौरान कंडक्टर और ड्राइवर साइड से एक–एक युवक ट्रक में चढ़ा। इनमें एक ने शिव शंकर की कनपटी पर तमंचा रखा। गोली मारकर हत्या करने का डर बनाकर आरोपी ड्राइवर से उनका मोबाइल फोन और नगदी लूटकर फरार हो गए। ट्रक से उतरने के बाद आरोपी भागे तो कुछ दूरी पर उनका साथी ग्रे रंग का स्कूटर लेकर खड़ा था। दोनों स्कूटर पर बैठकर फरार हो गए। शिव शंकर ने पीछा कर आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की। एक को पकड़ा भी लिया था। वह भी छूटकर भाग गया। इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि मामले में लूट का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### एम्स ऋषिकेश में बिलिंग काउंटर के समीप कटी हथेली मिलने से खलबली

ऋषिकेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में बिलिंग काउंटर के समीप कटी हथेली मिलने से खलबली मच गई है। सुरक्षाकर्मियों ने उच्चाधिकारियों के साथ ही पुलिस को भी इसकी सूचना दी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

वहीं एम्स प्रशासन का कहना है कि हथेली मिली है, लेकिन किसकी है और यहां कैसे पहुंची, जानकारी जुटाई जा रही है। शनिवार को एम्स के ग्राउंड फ्लोर पर बिलिंग काउंटर के समीप एक स्ट्रेचर के नीचे किसी व्यक्ति की कटी हुई हथेली मिली। यहां मौजूद लोगों की नजर इस पर पड़ी तो उन्होंने इसकी जानकारी सुरक्षाकर्मियों को दी।

# मांस विक्रेताओं को थमाए नोटिस



मांस की दुकानों का निरीक्षण करते अधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से क्षेत्र में अभियान चलाकर खाद्य प्रतिष्ठान व मांस विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले मांस विक्रेताओं को नोटिस दिया गया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप मिश्रा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों में छापेमारी करने हुए सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके उपरांत मांस विक्रेताओं की दुकानों में भी छापेमारी की गई। जिसमें से कई मांस विक्रेता नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। टीम ने इन मांस विक्रेताओं को नोटिस थमाते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कहा कि दुकानों में काले शीशे लगे होने चाहिए। दुकान के साथ ही इसके आसपास सफाई पर ध्यान दें। वहीं, मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थ बेचने वाले व्यापारियों को भी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कहा कि यदि खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की कमी पाई जाती है तो संबंधित व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# होटल से टीवी चोरी करने वाला गिरफ्तार



चोरी के टीवी के साथ पकड़ा गया आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : होटल कार्बेट से टीवी चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से चोरी किया गया टीवी भी बरामद कर लिया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि चार अगस्त को कुंभीचौड़ निवासी राजन शाह ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि एक अज्ञात युवक होटल से टीवी चोरी कर ले गया है। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली थी। मामले में पुलिस ने लकड़ीपड़ाव गांधी गली निवासी फैसल पुत्र मो. युनूस को काशीरामपुर मल्ला से चोरी किए गए टीवी के साथ गिरफ्तार किया।

## स्वाधीनता संग्राम सेनानी जयानंद भारती की प्रतिमा का किया अनावरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : डोला पालकी और आर्य समाज में अग्रहणी भूमिका निभाने वाले समाज सुधारक एवं स्वाधीनता संग्राम सेनानी जयानन्द भारती की प्रतिमा का बस स्टेशन पौड़ी में स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी व जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने अनावरण किया। स्थानीय विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि डोला-पालकी आंदोनल के ध्वजवाहक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाज सुधारक स्व. जयानन्द भारतीय गढ़वाल में अंग्रेजों और प्रतिक्रियावादियों के लिए एक बड़ी चुनौती थे। उन्होंने शिल्पकारों को भूमि अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन किया और एक जातिविहीन समाज की स्थापना के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। कहा कि जयानन्द भारती ने डोला पालकी आंदोलन का नेतृत्व किया। सामाजिक विसंगति के चलते उस समय दूल्हा पालकी पर नहीं जा सकता था और दुल्हन डोली पर सवारी नहीं कर सकती थी। जबकि वर-वधू की पालकी और डोली को शिल्पकार समाज के लोगों को ही ढोना पड़ता था। उन्होंने इसके खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने इस कुप्रथा के खिलाफ महात्मा गांधी से मुलाकात की और उनसे शिल्पकारों की दुर्दशा की शिकायत करते हुए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तराखंडी समाज के लिए जयानन्द 'भारती' का योगदान एक समाज सुधारक, आर्यसमाज के प्रचारक, स्वतन्त्रता संग्रामी और सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ने वाले जुझारू व्यक्तित्व के रूप में हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस मौके पर संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, राजेंद्र प्रसाद टम्टा, ईओ नगर पालिका गौरव भसीन, प्रादेशिक शिल्पकार समिति के प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चंद्र शाह सहित अन्य उपस्थित थे।

## बरसाती गदेरे की पुलिया के नीचे मिला शव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटडी रेंज के अंतर्गत बघनाला वन प्रभाग की चोरी के समीप बरसाती गदेरे की पुलिया के नीचे से पुलिस ने एक शव बरामद किया है। देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि वन विभाग की बगनाला चौकी के समीप बरसाती गदेरे पर पुलिया के नीचे शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जयपाल सिंह चौहान ने बताया कि आसपास के क्षेत्र में पूछताछ करने पर पता चला कि मृतक मानसिक रूप से कमजोर था। जो काफी समय से क्षेत्र में ही घूमता रहता था। बताया कि मृतक की पहचान के लिए निकटवर्ती थाने व चौकियों को सूचना दे दी है। साथ ही शिनाख्त के लिए शव को सुरक्षित रखा गया है।

# प्रतियोगिताओं में डीएवी कोटद्वार का दिखा दबदबा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** बदलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल कोटद्वार में डीएवी प्रबंधक-कर्तु समिति नई दिल्ली की ओर से डीएवी नेशनल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिताओं में डीएवी कोटद्वार का दबदबा देखने को मिला।

आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी व प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अंडर-14 का पहला मुकाबला डीएवी जगजीतपुर हरिद्वार बीएमडीएवी हरिद्वार के बीच खेला गया। जिसमें हरिद्वार की टीम 7-0 से विजयी रही। अंडर-19 का मुकाबला डीएवी कोटद्वार व एरोबिक्स के रीशू असवाल सीधे जोनल लेबल पर चयनित हुए हैं। इसी क्रम में बीएडीएवी हरिद्वार में आयोजित ताइक्वांडों प्रतियोगिता में डीएवी कोटद्वार के विनीत, सुजल रावत, सरास्वत ने स्वर्ण पदक, ऋषभ रावत, दर्शन सिंह ने रजत पदक व वैष्णव ने कास्य पदक जीता। वूशू प्रतियोगिता में डीएवी कोटद्वार के विदर्भ, तन्मय, आयुष, ऋषभ ने स्वर्ण, अथर्व बलोदी ने रजत पदक जीता। डीएवी देहरादून में आयोजित विभिन्न खेलों में अंडर-14 बालिका वर्ग के अंतर्गत बैडमिंटन प्रतियोगिता में डीएवी कोटद्वार की छात्राओं ने स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सिंग प्रतियोगिता अंडर-19 में विवेक ध्यानी, आयुष रावत ने स्वर्ण पदक, अंडर-17 में सुमित सिंह रावत, सार्थक सिंह ने स्वर्ण पदक, अमजन रावत ने रजत पदक व वैभव ने कास्य पदक हासिल किया। अंडर-14 में अनिरुद्ध ने स्वर्ण पदक हासिल किया। बालिका वर्ग अंडर-19 में शालिनी भंडारी ने स्वर्ण पदक, अंडर-17 में रितिका बडोला ने स्वर्ण पदक व अंडर-14 में एश्वर्या सिंह ने स्वर्ण पदक जीता।




प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली टीम

# सौ वर्ष की आयु पूर्ण करने पर किया सम्मानित



कोटद्वार में शतायु झबरी देवी को सम्मानित करते संगठन के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मानपुर निवासी झबरी देवी के सौ वर्ष पूर्ण करने पर वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान झबरी देवी ने सदस्यों के साथ अपने जीवन का अनुभव भी सांझा किया। संगठन ने झबरी देवी के घर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। सदस्यों ने कहा कि झबरी देवी सौ वर्ष पूर्ण करने के बाद 101 वर्ष में प्रवेश कर चुकी हैं। इतनी आयु होने के बाद भी वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने सौ साल पूरा करने पर झबरी देवी को फूल माला पहनाते हुए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभी सदस्यों ने झबरी देवी के दीर्घायु की कामना करते हुए स्वजनों से भी बढ़ती उम्र को देखते हुए झबरी देवी की अच्छी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर रिपुदमन बिष्ट, सुरेंद्र लाल आर्य, जयवीर सिंह रावत, आरएस बिष्ट, केएस चौहान, प्रदीप अग्रवाल मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने छतरीधार स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के मानक के अनुरूप वेयर हाउस में व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा डबल लॉक व अन्य का जायजा लेते हुए संतुष्टी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी शांति लाल शाह उपस्थित थे।

## थलीसैंण क्षेत्र में आपदा प्रभावितों से मिले कैबिनेट मंत्री



कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत आपदा प्रभावित को चेक देते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने जनपद पौड़ी के अंतर्गत विकासखंड थलीसैंण क्षेत्र के जैंती डांग व जैंती चक आपदाग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर आपदा प्रभावितों को चेक वितरित किये।

सोमवार को मंत्री ने थलीसैंण के चौथान क्षेत्र पहुंचकर आपदाग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त क्षेत्रों का कार्य जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

### मंत्री ने पीठसैंण में निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण

इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों की सहायता हेतु उन्हें चेक भी वितरित किये।

इसके पश्चात मंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालयी छात्रावास पीठसैंण निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। आपदाग्रस्त क्षेत्र निरीक्षण के दौरान थलीसैंण मंडल अध्यक्ष नवीन जोशी, यूसीबी पूर्व अध्यक्ष मातबर सिंह रावत, डीसीबी पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## लंबित भवन मानचित्रों का निस्तारण समय पर करें : डीएम

### भवन स्वामियों ने जिलाधिकारी को बताई अपनी समस्याएं



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला प्राधिकरण में लंबित, विचाराधीन भवनों के मानचित्रों के संबंध में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आए भवन स्वामियों ने जिलाधिकारी सम्मुख अपनी-अपनी समस्याएं रखी।सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भवन मानचित्रों को लेकर हुई बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को भवनों से लेकर जो भी समस्याएं भवन स्वामियों ने रखी है उनका तत्काल नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने आर्किटेक्ट को कहा कि जिन भवनों के नक्शे मानक के अनुरूप नहीं हैं उन्हें समय पर सही करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मास्टर प्लान में अंकित भूउपयोग से अलग प्रस्तुत भवन मानचित्रों का परिवर्तन करने की कार्यवाही करें। उन्होंने जिन भवन स्वामियों के चालान पूर्व में किये गये हैं उसकी आख्या प्रस्तुत कर निस्तारण करने के निर्देश सहायक अभियंता प्राधिकरण को दिये। उन्होंने जिन भवन मानचित्रों पर चालानी कार्यवाही नहीं हुई और उनके प्रकरण का निस्तारण नहीं हुआ है ऐसे भवन स्वामियों को समन मानचित्र प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस दीक्षिता जोशी, सहायक अभियंता प्राधिकरण रणवीर सिंह, प्राधिकरण सहायक मनीष रावत सहित भवन स्वामी उपस्थित थे।

# छः दिवसीय मौन पालन प्रशिक्षण शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) एवं जन्तु विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में छः दिवसीय मौन पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। मुख्य अतिथि डॉ. संजीव राय निदेशक खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, उत्तराखण्ड, विशिष्ट अतिथि डॉ. ओपी नौटियाल वरिष्ठ वैज्ञानिक, यूसर्क, अति विशिष्ट अतिथि डॉ. दीपक खोलिया प्रोफेसर स्कूल ऑफ एपीकल्चर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, विशिष्ट अतिथि डॉ. डीडी जमलोकी जूनियर एग्जीक्यूटिव खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने संयुक्त रूप से सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्राचार्य ने प्रशिक्षणार्थियों से आशा कि वह इस प्रशिक्षण का लाभ उठाकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ायेंगे। कार्यक्रम के संयोजक जन्तु विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. दुदुन मेहता ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. संजीव राय ने मौन पालन से जुड़े लाभ के बारे में बताया। कहा कि मौन पालन रोजगार का प्रमुख जरिया बन सकता है। डॉ. ओपी नौटियाल ने मौन पालन में नयी तकनीक के विषय जानकारी दी।



कार्यक्रम का संचालन भौतिक विज्ञान के प्रभारी डॉ. सुधीर सिंह रावत ने किया। इस मौके पर मौनपालक रणवीर सिंह, मौन पालक प्रशिक्षक नवदीप सिंह राणा, यंग प्रोफेशनल कैपेसिटी बिल्डिंग विशाल कुमार, प्रशिक्षण कार्यपालक शरद मधुकर, थलीसैंण महिला मंगल दल की अध्यक्ष कृष्णा जुयाल, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अजय पाल सिंह, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## शौर्य चक्रविजेता कैप्टन (सेवानिवृत्त) मोहन सिंह रावत ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। सोमवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शौर्य चक्र विजेता कैप्टन (सेवानिवृत्त) मोहन सिंह रावत ने शिष्टाचार भेंट की। उत्तराखण्ड के मूल निवासी कैप्टन मोहन सिंह रावत, जिनका नाम देश के साहसी और वीर सैनिकों में शामिल है, ने देश की सेवा में अपने अदम्य साहस और पराक्रम की अनूठी मिसाल पेश की है। उनके अदम्य साहस और वीरता के लिए उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने कहा कि कैप्टन मोहन सिंह रावत जैसे वीर सपूतों के कारण हमारा देश सुरक्षित है और हम सभी उनके बलिदानों के ऋणी हैं। वीरभूमि और सैन्यभूमि उत्तराखंड के वीर सपूत कैप्टन मोहन जैसे जांबाज उनकी वीरता और देशभक्ति हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि कैप्टन रावत ने अपने अदम्य साहस और पराक्रम से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कैप्टन मोहन सिंह रावत की वीरता की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैप्टन मोहन सिंह रावत ने अपनी मुठभेड़ को याद करते हुए बताया कि दिनांक 5 जुलाई 1999 की देर रात 2 बजे सूचना आई कि पाकिस्तानी सेना की एक टुकड़ी देश की सीमा में घुस आई है।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**विषयः निविदा सूचना संख्या 98-DRM-MB-24-25 dt. 02.08.2024 के सम्बन्ध में**

उपरोक्त निविदा दिनांक 26.08.2024 को खोली जानी है। निविदा में विज्ञापित रूपये 1,49,99,998.70 के स्थान पर नया विज्ञापित रूपये 1,24,94,170.75 कर दिया गया है तथा बयाना राशि 2,25,000 के स्थान पर नई बयाना राशि 2,12,500 पढ़ा जाये, निविदा की अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

2400/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### जेल में बंद सोनू भारद्वाज पर करोड़ों हड़पने का केस, ऐसे खेला पूरा खेल

देहरादून। चर्चित रवि बडोला हत्याकांड प्रकरण में जेल में बंद सोनू भारद्वाज पर 1.34 करोड़ रुपये हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ। मुकदमा सेना से रिटायर जूनियर कमीशन अफसर ने दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि सोनू वर्ष 2004 से उनका उत्पीड़न कर रहा है। एसओ रायपुर प्रदीप नेगी ने बताया कि सेना में 34 वर्षों तक तैनात रहे बिशन सिंह निवासी डोभाल चौक ने तहरीर दी। कहा कि उन्होंने 2002 में अपने बचपन के मित्र दिनेश के साथ एक दुकान खरीदी। दुकान पर देवेंद्र कुमार शर्मा उर्फ सोनू भारद्वाज और फरवरी 2020 में खतौली के जंगल में मारे गए पंकज सिंह से मिले।कहा कि सोनू पहले अखबार की थैली बनाकर बेचने के साथ छोटा मोटा ब्याज का काम करता था। आरोप है कि दोनों ने वर्ष 2012 में पीड़ित से चार लाख रुपये लिए। इसके बाद वर्ष 2017 तक पीड़ित से कुल 1.34 करोड़ रुपये लिए।पीड़ित को शुरू में पांच फीसदी ब्याज देने का वादा किया। आरोप है कि बाद में जमीन दिलाने का झांसा दिया। लेकिन, पीड़ित को आरोपियों ने कुछ नहीं दिया। उल्टा अपने संबंध बदमाशों से बताते हुए डराता धमकाता रहा। एसओ प्रदीप नेगी ने बताया कि हाल ही में पीड़ित ने तहरीर दी थी।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया युवक

हरिद्वार। एक नाबालिग को युवक बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। भाई की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं, एक युवती भी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, रानीपुर कोतवाली के एक क्षेत्र के रहने वाले युवक ने शिकायत देकर बताया कि 27 जुलाई की दोपहर उसकी 14 वर्षीय बहन को टीटू यादव निवासी सुदरा मुदरा थाना चांदपुर जिला बिजनौर हाल सुमन नगर बहला फुसलाकर भगा ले गया है। तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चल पाया। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा। उधर, सिडकुल थाना क्षेत्र के एक इलाके के रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत देकर बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई। लेकिन फिर लौटकर नहीं आई। उसकी सभी जगहों पर तलाश की गई, मगर कुछ पता नहीं चल पाया है। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

### नशे में धुत युवक ने घर को अंदर से बंद कर आग लगाई

काशीपुर। नशे में धुत एक युवक ने घर को अंदर से बंद कर के आग लगा दी। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर यूनिट ने युवक को रेस्क्यू किया। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। घटना रविवार की रात वैशाली कॉलोनी की है, जहां एक घर में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से एक यूनिट मौके पर पहुंची और पंपिंग कर आग बुझाना शुरू किया। अधिक आग फैलने के कारण दूसरी यूनिट को बुलाया गया। दोनों ही फायर यूनिटों ने पूरी तरह से आग पर काबू पाया। इस दौरान फायर यूनिट ने युवक को मकान की छत से सकुशल रेस्क्यू किया।फायरमैन अर्जुन सिंह ने बताया कि आरोपी युवक अर्जुन सिंह नशे में था। संभवतः उसने कही नशे में आग लगाई होगी। अंदर पुराने पटाखे भी रखे थे, जिससे आग और भी ज्यादा फैल गई। फिलहाल युवक को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। टीम में लीडिंग फायरमैन चंदन सिंह बिष्ट, अमरीश कुमार, विनोद कुमार, कृपाल सिंह, आकाश गैरोला आदि मौजूद रहे।

### साढ़े दस घंटे बंद रहा गंगोत्री हाईवे, मलबे में फंसी कार

उत्तरकाशी। गंगोत्री हाईवे नेताला में भूस्खलन के चलते आए मलबे के कारण साढ़े दस घंटे बंद रहा। इस दौरान मलबे में एक कार भी फंसी रही, जिसे बीआरओ ने किसी तरह कड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला। हाईवे को सुबह साढ़े नौ बजे बाद ही खोला जा सका। जिला मुख्यालय से करीब छह किमी दूर नेताला में सक्रिय भूस्खलन जोन बरसात में नासूर बना हुआ है। हल्की बारिश में भी पहाड़ी से मलबा आने से हाईवे बंद हो रहा है। गत रविवार रात करीब 11 बजे बारिश के चलते मलबा आया। सूचना पर बीआरओ ने हाईवे खोलने का प्रयास किया, लेकिन बारिश के चलते मलबा लगातार आने से यह नहीं खुल पाया। सोमवार सुबह बीआरओ ने दोबारा अपनी मशीनरी की मदद से हाईवे खोलने का काम शुरू किया,

# जनता मिलन कार्यक्रम में 34 शिकायत दर्ज, 14 का निस्तारण



**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनसंवाद/जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 34 शिकायत दर्ज की गई। जिनमें 14 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में मल्यासू के ग्रामीणों ने लोनिवि द्वारा जवाड़ी बांसी मोटर मार्ग के कारण हुए भारी नुकसान की शिकायत दर्ज की। सदस्य जिला पंचायत चोपता सुनीता बर्त्वाल ने चोपता क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने की समस्या से अवगत कराया। कुंडा चोपता के मानवींरेंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि पात्र लाभार्थी राशन का लाभ नहीं ले पा रहे हैं जिसके लिए जनपद में राशन कार्ड धारकों का सत्यापन करना आवश्यक है। जखोली के संग्राम सिंह ने उनके आवासीय भवन के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन हटाने की बात कही। बजीरा के विजेंद्र सिंह मेवाड़ ने हिलांऊनहर के क्षतिग्रस्त होने की समस्या से अवगत कराया। तिलवाड़ा निवासी हपिंद्र सिंह ने समस्या दर्ज करते हुए बताया कि भाग-2 में हस्ताक्षर न होने के कारण वृद्धजन पेंशन से लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं। नरकोटा निवासी कुलदीप जोशी ने जंगली जानवरों के आतंक से मुक्ति दिलाने, सुमाड़ी के भगत सिंह चैहान ने सुमाड़ी में नालियों एवं स्कवर बंद होने तथा बरसाती पानी खेतों में जाने की समस्या से अवगत कराया। जन संवाद कार्यक्रम में कुल 34 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाला बैंक प्रबंधक गिरफ्तार



रुड़की। हरिद्वार जिले की रूड़की गंगनहर कोतवाली पुलिस ने 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विंध्याचल फिनलीज प्राइवेट लिमिटेड बैंक का प्रबंधक हैं, जिस पर आरोप है कि उसने खाता धारकों का लोन पास कराने एवज में 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 एटीएम, 12 सिम कार्ड और पैन ड्राइव भी बरामद की है। पुलिस अब आरोपी के अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है।

आरोपी का नाम नरदेश्वर सिंह निवासी जिला समस्तीपुर बिहार है। आरोप है कि नरदेश्वर सिंह ने विंध्याचल फिनलीज प्राइवेट लिमिटेड बैंक के खाता धारकों का लोन पास कराकर उसमें से करीब तीस लाख रुपए का गबन किया। इस मामले में बीती 3 अगस्त को रोशन सिंह पुत्र दिलीप कुमार गंगनहर कोतवाली रुड़की में तहरीर दी थी। तभी से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी।

पुलिस ने आरोपी प्रबंधन समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार पांच अगस्त को पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी नरदेश्वर सिंह (37 वर्ष) को गिरफ्तार किया। इसी के साथ पुलिस टीम ने आरोपी के पास से 10 एटीएम कार्ड, 12 सिम कार्ड और एक पेन ड्राइव भी बरामद की।इसके बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में देसंविवि का परचम

### – विभिन्न आसनों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर बढ़ाया देवभूमि का मान

हरिद्वार। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के योग के विद्यार्थियों ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। यह तालबद्ध सामूहिक योग प्रतियोगिता, युवा जीवन अभ्युदय द्वारा आनंदधाम आश्रम में किया गया था। इस आयोजन में देश के नामचीन विश्वविद्यालयों के कई सौ विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।इस प्रतियोगिता में देसंविवि के योग विभाग के 12 विद्यार्थियों ने अनेक योगासनों का लयबद्ध तरिके से आकर्षक प्रदर्शन किया। अपने प्रदर्शन में त्रिविक्रम, महाकरण आसन, हस्त लिंकारा आसन, चक्र आसन, भक्त पाद शिव लिंकरासन, डिम्बासन आदि आसनों का प्रदर्शन किया और रजत पदक जीता। वहीं प्रथम स्थान इण्टरनेशनल योग स्कूल, दिल्ली को मिला। आनंदधाम आश्रम के संस्थापक सुधांशु जी महाराज ने पदक, प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि भेंटकर देसंविवि के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। वापस लौटने पर कुलपति शरद पारधी ने सभी छात्र–छात्रओं एवं शिक्षकों को सम्मानित किया और उन्हें ऐसे ही निरंतर आगे बढ़ते रहने का प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा रजत पदक प्राप्त कर पूरे विश्वविद्यालय परिवार एवं देवभूमि उत्तराखण्ड का गौरव बढ़ाया है।

### कर्मचारियों को निलंबन जल्द वापस लेने की मांग, कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी

बागेश्वर। चारधाम यात्रा चेक पोस्ट में तैनात कर्मचारियों को निलंबित करने से नाराज परिवहन विभाग के कर्मचारियों का आंदोलन जारी है। विभाग के कर्मचारी दो घंटे के कार्य बहिष्कार पर रहे। कर्मचारियों ने मंगलवार से पूर्ण कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। चारधाम यात्रा चेक पोस्ट में तैनात कर्मचारियों को निलंबित करने से नाराज परिवहन विभाग के कर्मचारियों का आंदोलन जारी है। विभाग के कर्मचारी दो घंटे के कार्य बहिष्कार पर रहे। कर्मचारियों ने मंगलवार से पूर्ण कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। सोमवार को भी कर्मचारियों ने परिवहन विभाग कार्यालय के परिसर में धरना दिया। कर्मचारियों ने कहा कि 15 जून को रुद्रप्रयाग में हुए सड़क हादसे के संबंध में विभाग के कर्मचारियों का निलंबन अनुचित है।

# परियोजनाओं के अवशेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेजी से पूरा करें : डीएम




**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को रेल विकास निगम, बीआरओ, पिटकुल और एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेते हुए विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि भूमि अधिग्रहण, वन भूमि हस्तांतरण, मुआवजा वितरण और अवैध अतिक्रमण मामलों का त्वरित निस्तारण करते हुए निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। किसी भी स्तर पर अनावश्यक रूप से कोई भी प्रकरण लंबित ना रखे। जिलाधिकारी ने निर्माणदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि तहसील से समन्वय बनाते हुए समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें और परियोजनाओं के अवशेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेजी से पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने रेल विकास निगम को निर्देश दिए कि वन विभाग के सहयोग से निजी नाप भूमि में अवस्थित वृक्षों के पातन की कार्रवाई की जाए। रेल परियोजना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण के लिए अर्जित भूमि एवं भवन के प्रतिकर का शीघ्र वितरण किया जाए। बीआरओ द्वारा जोशीमठ के मारवाड़ी में भूमि अधिग्रहण, भारत माला परियोजना के अंतर्गत जोशीमठ-मलारी मोटर विस्तारीकरण और जोशीमठ-मलारी मोटर मार्ग में भूमि अधिग्रहण में प्रभावित होने वाले भूमि एवं भवनों का संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर तहसील स्तर से अपेक्षित कार्रवाई की जाए। बीआरओ को मारवाडी में अपनी भूमि से शीघ्र अतिक्रमण हटाने को कहा। सिमली-ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग पर अधिग्रहित भूमि का मुआवजा धनराशि तहसील को अवमुक्त करने और तहसील स्तर से शीघ्र प्रभावितों में वितरण करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसडीएम एसके पांडेय, एसडीएम कमलेश मेहता, एसडीएम आरके पांडेय, एसडीएम सीएस बशिष्ठ सहित रेल विकास निगम, बीआरओ, पिटकुल एवं एनएचआईडीसीएल के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

# केदारनाथ पैदल यात्रा को दो हफ्ते में दोबारा शुरूकरने को होंगे प्रयास

**सचिव आपदा प्रबंधन विनोद सुमन, सचिव पीडब्लूडी पंकज पांडे, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, मुख्य अभियंता लोनिवि दयानंद पहुंचे केदारघाटी**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड शासन पंकज पांडे, सचिव आपदा विनोद सुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग दयानंद ने सोमवार को केदारघाटी के प्रभावित क्षेत्रों का पैदल निरीक्षण एव हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षतिग्रस्त मार्गों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच वाशआउट सड़क मार्ग को पुर्नस्थापित करने के लिए प्राथमिकता से प्लानिंग तैयार कर अविलंब कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद उच्च अधिकारियों ने पैदल यात्रा को 15 दिन में सुचारू करने के लिए सभी संबंधित विभागों से सुझाव मांगे। इसके लिए अनिवार्य पुनर्निर्माण कार्यों का एस्टीमेट तैयार कर 2 से 3 दिनों के भीतर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड शासन पंकज पांडे एव सचिव आपदा विनोद सुमन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिवृष्टि के कारण सोनप्रयाग से गौरीकुंड के मध्य वाश-ाआउट सड़क में अस्थाई मार्ग निर्माण करने की कार्रवाई भी अविलंब शुरू की जाए। सड़क एव पैदल मार्गों का त्वरित गति से निर्माण करने के लिए हर साइट पर अलग ठेकेदार को काम दिया जाए। हर साइट पर एक एई और एक जेई तैनात किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के पुनर्निर्माण कार्यों में प्रैक्टिकल व टेक्निकल दोनों पक्षों का पूरा ध्यान रखा जाए। साथ ही जितने भी कार्य प्रस्तावित हैं उनके लिए मैटेरियल की प्री पोस्टिंग हर संभव साइट कर पहले ही कर ली जाए। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने सभी पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। बिजली, पानी, कनेक्टिविटी और खाद्य सामग्री की आपूर्ति के लिए संबंधित विभागों से उनके प्लान भी मांगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे, यूपीसीएल निदेशक एमआर आर्य, एमडी पिटकुल पीसी ध्यानी, निदेशक पिटकुल जीएस बुदियाल, सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर रघुराज सिंह, कमांडेंट एनडीआरएफ सुदीप कुमार, अधीक्षण अभियंता आठवां वृत पीडब्ल्यूडी मुकेश परमार, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला, अधिशासी अभियंता एनएच निर्भय सिंह, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी राजविंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



### 11केवी सब स्टेशन खतरे की जद में

विद्युत विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि गौरीकुंड लिनचोली और भीमबली में पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसके अलावा सोनप्रयाग के समीप 11केवी का सब स्टेशन भी खतरे की जद में आ गया है। गढ़वाल कमिश्नर ने सब स्टेशन के लिए नई भूमि चिन्हित कर भूमि की गुणवत्ता एव अन्य मानकों की जांच कर नए सब स्टेशन का निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

### घोड़ा पड़ाव और जंगलचट्टी में कार्य करना सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि गौरीकुंड के समीप मौजूद घोड़ा पड़ाव के पास करीब 15 मीटर हिस्सा वाशआउट हो गया है, इसके अलावा जंगलचट्टी में 60 मीटर हिसा वाशआउट है। उक्त दोनों साइट्स पर कार्य करना सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहेगा, इन्हें मिलाकर कुल 29 साइट्स पर कार्य किया जाना है। सचिव पीडब्लूडी ने निर्देश दिए कि हर साइट पर कम से कम 10 मजदूर एव बड़ी साइट्स पर आवश्यकता के अनुसार मजदूरों को लगाया जाए। इसके साथ ही पूरे मार्ग पर 500 मजदूर लगाने के भी निर्देश दिए।

# चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के चार माह में खनन से मिला 333.17 करोड़ राजस्व

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार राजस्व में बढ़ोतरी को लेकर लगातार नए फैसले और योजनाओं पर काम कर रही है।

फलस्वरूप, वर्ष 2023-24 में निर्धारित 875 करोड़ रुपये के सापेक्ष खनन विभाग 645.42 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित करने में सफल रहा है जो गत वर्ष की तुलना में कुल 173.17 करोड़ अधिक है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 (माह अप्रैल से जुलाई) में भी 333.17 करोड़ राजस्व की प्राप्ति की गयी है। विगत वर्ष 2023-24 के प्रथम चार माह में प्राप्त राजस्व से कुल 133.31 करोड़ वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधिक प्राप्त किया गया, जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग 67 प्रतिशत अधिक है। निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय ने बताया कि वर्ष 2022-23 में राज्य सरकार द्वारा भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड को कुल 875 करोड़ का राजस्व लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय द्वारा 472.25 करोड़ राजस्व अर्जित किया गया। वर्ष 2023-24 में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून को राज्य सरकार द्वारा कुल 875 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तर-ाखण्ड द्वारा कुल 645.42 करोड़ राजस्व के रूप में अर्जित किया गया, जो गत वर्ष की तुलना में कुल 173.17 करोड अर्थात लगभग 40 प्रतिशत अधिक रहा। वर्ष 2022-23 में चार माह (माह अप्रैल से जुलाई) में 161.64 करोड, वर्ष 2023–24 में चार माह में (माह अप्रैल से जुलाई) में 199.86 करोड एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 (माह अप्रैल से जुलाई) में 333.17 करोड राजस्व की प्राप्ति की गयी। विगत वर्ष 2023-24 के प्रथम चार माह में प्राप्त राजस्व से यह कुल 133.31 करोड़ वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधिक प्राप्त किया गया। वर्तमान में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु राज्य सरकार के द्वारा भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तर-ाखण्ड को जो राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसकी शत प्रतिशत प्राप्ति हेतु विभाग के द्वारा निरन्तर, अथक प्रयास किया जा रहा है।

### एआरटीओ ऋषिकेश कार्यालय में 2 घंटे का कार्य बहिष्कार

ऋषिकेश। परिवहन विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने सुबह 10 से 12 बजे तक कार्य बहिष्कार किया। रखना जिसके चलते एआरटीओ कार्यालय में वाहन, ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी संबंधी काम के लिए आने वाले लोगों को दो घंटे तक इंतजार करना पड़ा। 12 बजे काम शुरू हो सकेगा। 15 जून को रुद्रप्रयाग में दिल्ली का टेंपो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई। इस मामले की सरकार ने जांच करायी थी। जिसमें ब्रह्मपुरी परिवहन चौकी पर तैनात दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया। मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ, परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने दोनों कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर सुबह 10 से 12 बजे तक एआरटीओ ऋषिकेश कार्यालय में कार्य बहिष्कार किया। इसके चलते एआरटीओ कार्यालय में डीएल बनाने, वाहनों की फिटनेस, टैक्स जमा करने, आरसी जारी करने का काम प्रभावित रहा। यूनियन ने 24 जुलाई को भी दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया है।

# एमबीपीजी कॉलेज में मिलेगा इसरो के 35 से अधिक निशुल्क कोर्स का लाभ

नैनीताल। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 35 से अधिक निशुल्क कोर्स का लाभ अब एमबीपीजी कॉलेज के विद्यार्थी उठा सकेंगे। ऑनलाइन कोर्स चार हफ्ते तक चलाए जाएंगे।

आईआईआरएस आउटरीच प्रोग्राम के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ। हरीश कर्नाटक ने बताया कि इसरो प्रत्येक वर्ष स्पेस रिसर्च और रिमोट सेंसिंग पर निशुल्क ऑनलाइन कोर्स कराता है। भारत के 3,500 से अधिक कॉलेज इससे जुड़े हैं और दुनिया के 170 देशों के दो लाख से अधिक शिक्षार्थी इन पाठ्यक्रमों का लाभ लेते हैं। इसमें यूजी पीजी के छात्र और पीएचडी के शोधार्थियों को एडवांस टेक्नोलॉजी की जानकारी दी जाती है। विद्यार्थी अपनी पसंद के अनुसार पाठ्यक्रम चुन सकते हैं, जिनमें इसरो और बाहरी विशेषज्ञ ऑनलाइन क्लास लेते हैं।

**ऑनलाइन कोर्स 27 अगस्त से 20 सितंबर तक चलेंगे**

एमबीपीजी कॉलेज में आईआईआरएस आउटरीच प्रोग्राम के नोडल सेंटर के कॉर्डिनेटर डॉ। नरेंद्र सिजवाली ने बताया कि 27 अगस्त से 20 सितंबर तक रिमोट सेंसिंग और डिजिटल इमेज एनालिसिस पर चार सप्ताह के ऑनलाइन कोर्स चलाए जाएंगे।

# डीएम की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 122 शिकायत पत्र



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में आज 122 शिकायत प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायत भूमि विवाद, अतिक्रमण, शिक्षा ऋण दिलाने, भरणपोषण, आपसी विवाद, घरेलू हिंसा, जल संस्थान, बिजली, पानी, आपदा जलभराव, इनकम टैक्स चोरी, आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें तथा जो शिकायतें उच्च स्तर तथा मा0 न्यायालय में विचाराधीन हैं ऐसे प्रकरणों पर सम्बन्धित शिकायतकर्ता को अवगत करा दें। जिलाधिकारी ने 1905 पर प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारण करने तथा शिकायतकर्ताओं से संवाद करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने वाले विभागों के अधिकारियों के स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदरों को निर्देशित किया कि भूमि सीमांकन एवं निर्विवाद विरासतन के मामलों को यथाशीघ्र निपटायें। साथ ही निर्देशित किया कि ग्राम समाज, सरकारी भूमि की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए निस्तारित करें।जनसुनवाई में एक बालिका द्वारा उच्च शिक्षा हेतु बैंकों द्वारा ऋण न दिए जाने की शिकायत की गई जिस पर जिलाधिकारी ने प्रंबंधक जिला अग्रणी बैंक को छात्रा को उच्च शिक्षा हेतु ऋण दिलवाने हेतु बैंकों से समन्वय करने के निर्देश दिए। वहीं एक शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत में कहा कि उनके पास के ही एक व्यक्ति द्वारा टैक्स चोरी की जा रही है, शिकायत में माध्यम से बताया कि आठ लाख से अधिक आमदनी होने के उपरान्त भी टैक्स नही भर रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायती पत्र को इनकम टैक्स विभाग को प्रेषित करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में डांडी बड़कोट में भूमाफियाओं द्वारा पंचायत की भूमि पर अतिक्रमण तथा भोगपुर में पंचायत की भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत पर उप जिलाधिकारी ऋषिकेश को अतिक्रमण पर रोक लगाने तथा निर्माण रुकवाने के निर्देश दिए। अंबीवाला शुक्लापुर में भूमि पर कब्जा की शिकायत पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए।

बुल्लावाला में नदी तट पर सुरक्षा दीवार न होने से खेत कटान की शिकायत पर आपदा मद से सुरक्षा दीवार लगाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पुलिस एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को नियमानुसार उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर हरि गिरि, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, अधि.अभि विद्युत राकेश कुमार, सहित विद्युत, एमडीडीए, सिंचाई, लोनिवि सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा उप जिलाधिकारी विकासनगर, डोईवाला, चकराता, ऋषिकेश सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com